इंद्रावती टाईगर रज़िर्व में मिला एक और बाघ : बाघों की कुल संख्या अब छ:

चर्चा में क्यों?

28 नवंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंद्रावती टाईगर रज़िर्व बीजापुर में बाघों की कुल संख्या अब 5 से बढ़कर 6 हो गई है।

प्रमुख बिंदु

- इंद्रावती टाईगर रज़िर्व में लगाए गए ट्रेप कैमरा में विगत दिवस एक बाघ का फोटोग्राफ प्राप्त हुआ। इसे डब्ल्यूआईआई टाईगर सेल देहरादून द्वारा नये बाघ के रूप में पुष्टि की गई है।
- इंद्रावती टाईगर रज़िर्व बाघों के रहवास के लिये उपयुक्त स्थल है, जहाँ बाघ के अलावा अन्य वन्यजीव भी निवास करते हैं। जिसमें मुख्य रूप से वन भैंसा के साथ ही गौर, तेंदुआ, भालू, नीलगाय, हरिण, सांभर, जंगली सूअर इत्यादि वन्यप्राणियों का भी यह रहवास स्थल है।
- छत्तीसगढ़ का इंद्रावती टाईगर रज़िर्व 086 वर्ग कि.मी. के भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है, जो महाराष्ट्र एवं तेलंगाना के वनक्षेत्र से लगा हुआ है। यह बाघों के विचरण के लिये उपयुक्त कॉरिडोर का काम करता है।
- गौरतलब है कि राज्य वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिये लोगों के साथ मिलकर वन्यजीव संरक्षण का कार्य लगातार किया जा रहा है।
- इंद्रावती टाईगर रज़िर्व प्रबंधन वन्यजीवों की मॉनिटरिंग एवं सुरक्षा का कार्य लगातार कर रहा है। साथ ही मैदानी अमलों द्वारा फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से लगातार वन्यजीवों की सुरक्षा एवं निगरानी की जा रही है।
- उल्लेखनीय है कि इंद्रावती टाईगर रज़िर्व बीजापुर के अंतर्गत ही हाल में ग्राम परिक्षेत्र मददेड़ बफर के अंतर्गत ग्राम चेरपल्ली में तेंदुआ के दो शावक पाए गए थे। तेंदुए के दोनों शावकों को वर्तमान में जंगल सफारी (ज़ू) रायपुर में रखा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/one-more-tiger-found-in-indravati-tiger-reserve